बम भोले | By Khushboo Tiwari

सावन मस्त महीना आया
घन घन बादल हैं घनघोर
मोर के जैसे नाचे कांवरिया
धरती अम्बर बम बम शोर

भांग धतूरा के बिन पूरा ना है भोले शंकर
बेल पत्र की है विचित्र महिमा सावन के अंदर
भंग का रंग चढ़ा है सबपे
सबपे है तेरी छाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले

तू है जोगी मैं हूँ जोगन
मन में है बस जोगी जोगी
कब होगी दर्शन कब होगी
तेरे दर्शन की मैं रोगी
बरसे जैसे अम्बर से पानी
वैसी निर्मल मेरी बानी
धन्य भाग हमारे हैं जी
हमको तूने बुलाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले

भस्म लपेटु भेंटु तुझको
तुझको मैं आकाश बना लूँ
मुझमे तू है तुझमे मैं हूँ
ऐसा मैं विश्वास बना लूँ
तेरा पुनीत पुकार पुजारी
बलिहारी है खुशबू तिवारी
तेरा सारा जग है पुजारी
बलिहारी है खुशबू तिवारी
हम पे अपना जादू चला दो
सबको तूने हंसाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले
तेरी माया ने सबको नचाया भोले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%ae-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-khushboo-tiwari/